# एमपी खनिज की नीलामी में देश में अव्वल

## खनन मंत्रियों के सम्मेलन में प्रथम और द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित

- 103 खनिज ब्लॉकों की नीलामी से प्रदेश को मिलेंगे 68 हजार करोड़

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 20 अगस्त. मप्र खनिज नीलामी के क्षेत्र में देश में अग्रणी बनकर उभरा है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य ने 2022-23 में 29 खनिज ब्लॉकों की नीलामी कर देश में पहला स्थान प्राप्त किया. हाल ही में प्रदेश ने क्रिटिकल मिनरल्स की नीलामी कर केंद्र सरकार की नीति को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनने का गौरव भी हासिल किया है. खनिज ब्लॉकों की सर्वाधिक नीलामी के लिए मप्र को भारत सरकार ने वर्ष 2022 और वर्ष 2025 में खनन मंत्रियों के सम्मेलन में प्रथम और द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश खनन और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में उभरा है. खनिजों की प्रचुरता और राज्य सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों के कारण मध्यप्रदेश देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है.

खनन क्षेत्र में प्रदेश की उपलब्धियों से राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है. साथ ही, देश के औद्योगिक विकास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में भी प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित हो सकेगा. इसी क्रम में कटनी में 23 अगस्त को खनिज औद्योगिक विकास पर केन्द्रित कॉन्क्लेव आयोजित हो रहा है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य खनन के क्षेत्र में सतत विकास कर रहा है. इससे न केवल आर्थिक विकास हो रहा है, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं. वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश ने खनिज राजस्व संग्रहण में पिछले वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुये पहली बार 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त किया. वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 4,958 करोड़ रुपये था. अब तक प्रदेश ने कुल 103 खनिज ब्लॉकों की सफल नीलामी की है, जिससे भविष्य में एक लाख 68 हजार करोड़ रुपये से अधिक राजस्व मिलने की संभावना है. विगत वर्ष 17-18 अक्टूबर 2024 को भोपाल में आयोजित माइनिंग कॉन्क्लेव में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं.

**विकास कार्यों में खनिज निधि का उपयोग:** जिला खनिज विभाग के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, महिला-बाल कल्याण, स्वच्छता और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में 16,452 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इनमें से 7,583 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं.

### बहुमूल्य खनिजों में नित नई उपलब्धियां

**हीरा :** मध्यप्रदेश देश का एकमात्र राज्य है, जहां पन्ना जिले की मझगवां हीरा खदान से प्रतिवर्ष एक लाख कैरेट हीरा उत्पादन होता है। इसके अलावा छतरपुर स्थित बंदर हीरा ब्लॉक में 34.2 मिलियन कैरेट हीरे का अनुमानित भंडार मिला है. कटनी में 23 अगस्त 2025 को होने वाले खनन सम्मेलन में औद्योगिक विकास पर विशेष रूप से विचार किया जायेगा.

**सोना :** प्रदेश के सिंगरौली और कटनी जिलों में कुल पांच स्वर्ण ब्लॉकों की नीलामी की जा चुकी है, जिनमें 7.87 मिलियन टन अयस्क भंडार उपलब्ध है. जबलपुर के सिहोरा और कटनी के स्लीमनाबाद क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सोने की उपलब्धता के संकेत मिले हैं. जबलपुर जिले में 100 हेक्टेयर क्षेत्र में लाखों टन स्वर्ण अयस्क मिलने का अनुमान है.

### अवैध खनन पर नवाचार से नियंत्रण

अवैध खनन और परिवहन रोकने के लिए प्रदेश में 41 एआई आधारित ई-चेकगेट स्थापित किए जा रहे हैं. इसके अलावा ड्रोन और उपग्रह आधारित निगरानी प्रणाली से खदानों की जियो-टैगिंग और 3-डी इमेजिंग कर खनिज उत्खनन की सटीक निगरानी की जा रही है.

### क्रिटिकल एवं स्ट्रैटेजिक मिनरल्स में अग्रणी

खनिज विभाग ने ग्रेफाइट, रॉक फॉस्फेट, गोल्ड, मैंगनीज और कॉपर सहित कई खनिज ब्लॉकों की नीलामी की है. हाल ही में जबलपुर और कटनी जिलों में सोने की खोज की गई है, वहीं पन्ना और छतरपुर में हीरे के विशाल भंडार प्रमाणित हुए हैं. बालाघाट की मलाजखण्ड तांबा खदान देश की सबसे बड़ी तांबा खदान है, जबकि पन्ना की मझगवां हीरा खदान देश की एकमात्र सक्रिय हीरा खदान है.

# लोडिंग वाहन से 11 पेटी देशी शराब जब्त

## नजीराबाद पुलिस ने की कार्रवाई



**बैरसिया, 20 अगस्त. नज़ीराबाद पुलिस ने बुधवार को खजुरिया जोड़ क्षेत्र से अवैध शराब ले जा रहे एक लोडिंग वाहन से 11 पेटी देशी शराब जब्त की है. थाना प्रभारी अरुण शर्मा के मुताबिक जब्ती में ली गई शराब की कीमत लगभग 55 हजार रुपये एवं लोडिंग वाहन की कीमत 10 लाख बताई गई है.**

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जीतेन्द्र कुशवाह पिता सुन्दर लाल कुशवाह उम्र 37 साल निवासी वार्ड 12 अदालत के पास बैरसिया बताया है. पुलिस ने आबकारी एक्ट 34 (2) के तहत कार्रवाई कर आरोपी को हिरासत में लिया है. वाहन जब्त कर नज़ीराबाद थाने में खड़ा कर लिया गया. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अरुण कुमार शर्मा, उप निरीक्षक पी.एस किरार, प्रधान आरक्षक भागीरथ प्रसाद, भीकम सिंह, उपेंद्र सिंह बना, विनोद नायक, रमेश चतुर्वेदी, संजय अम्बा की सराहनीय भूमिका रही है.

# भोपाल कलेक्टर हाईकोर्ट में तलब

**जबलपुर, 20 अगस्त.** मप्र हाई कोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने हाईकोर्ट व रेरा के पूर्व आदेश का पालन नहीं होने के मामले को गंभीरता से लिया. इसी के साथ अवमानना मामले में भोपाल के कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दे दिये है. इसके लिए 25 अगस्त की तिथि नियत की गई है. याचिकाकर्ता ग्वालियर निवासी भानु प्रताप सिंह की ओर से पक्ष रखा गया. दलील दी गई कि याचिककार्ता ने भोपाल की एक प्रापर्टी को लेकर रेरा से राहत चाही थी. रेरा ने उनके पक्ष में आदेश पारित करते हुए 70 लाख की वसूली के लिए आरआरसी जारी कर दी थी. जिसके निष्पादन की जिम्मेदारी कलेक्टर की है.

# सरकार के कामों को घर-घर तक पहुंचाएगा भाजपा संगठन

- देर रात सीएम डॉ. यादव के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की सीएम हाउस में बैठक

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 20 अगस्त. प्रदेश में आने वाले दिनों में भाजपा सरकार की प्रदेश भाजपा संगठन के साथ बेहतर जुगलबंदी देखने मिलेगी. अब राज्य सरकार के कामों को घर-घर तक पहुंचाने और उसके फायदे गिनाने की जिम्मेदारी भाजपा संगठन अपने कंधे पर उठाने जा रहा है.**

बुधवार रात को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सीएम हाउस पहुंचे, उनके साथ भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद भी थे. बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री ने संगठन के दोनों ही दिग्गज पदाधिकारियों के साथ सरकार और संगठन के कामकाज की समीक्षा की. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में स्वदेशी को बढ़ावा देने के आग्रह पर प्रदेश में भी स्वदेशी को प्रोत्साहित करने के लिये सरकार के साथ ही संगठन की भी सहभागिता करने पर सहमति बनी, जिससे कि इसे प्रदेश में अभियान के साथ ही आंदोलन का रूप भी दिया जा सके. बताया जा रहा है कि बैठक में प्रदेश में आने वाले दिनों में धार्मिक उत्सवों विशेष रूप से गणेश उत्सव के दौरान मिट्टी के गणेश निर्माण को प्रोत्साहित करने और इस उत्सव को स्वदेशी को बढ़ावा देने के एक मंच के रूप में उपयोग करने पर भी चर्चा की गई. बताया जा रहा है कि इसके अलावा प्रदेश में भाजपा संगठन और सरकार के आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिये बेहतर तालमेल बनाने पर भी चर्चा की गई.

इधर बुधवार को प्रदेश के पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है. ऐसे में माना जा रहा है कि प्रदेश में भी दीपावली से पहले कभी भी मंत्रिमंडल में फेरबदल हो सकता है. इधर प्रदेश में निगम, मंडल और आयोग में राजनीतिक नियुक्तियों का मामला भी लटका हुआ है. इन विषयों पर भी चर्चा की संभावना जताई जा रही है, बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हुई मुलाकात का भी पूरा ब्यौरा दिया. पीएम मोदी का धार आने का कार्यक्रम फिलहाल टल गया है.

# प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष बने कन्हैया लोधी

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 20 अगस्त. सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब पब्लिक ट्रस्ट, भोपाल की जिला कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है. नवभारत भोपाल के समाचार संपादक कन्हैया लोधी को जिला अध्यक्ष बनाया गया है. नवगठित कार्यकारिणी में कुल 21 पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं. लोधी पिछले 20 वर्षों से प्रेस क्लब से जुड़े हुए हैं. अजीत द्विवेदी को उपाध्यक्ष और सुशील अग्रवाल को महासचिव का दायित्व सौंपा गया है.**



सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब पब्लिक ट्रस्ट का ध्येय पत्रकारिता में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और सामाजिक जिम्मेदारी को आगे बढ़ाना है. नवगठित जिला कार्यकारिणी ने संकल्प लिया है कि पत्रकारों की समस्याओं के समाधान, सामाजिक सरोकारों को उठाने और नई पीढ़ी के पत्रकारों को दिशा देने में संगठन अग्रणी भूमिका निभाएगा.

कार्यकारिणी में सचिव- विवेक पटैय्या, ह्रदेश धारवार, राकेश शर्मा. सहसचिव आदर्श चौरसिया, पृथ्वीराज, सौरव सोनी. समन्वयक अशोक गौतम और कार्यकारिणी सदस्यों में पवन श्रीवास्तव, अजय वर्मा, राजकुमार मिश्रा, मुक्तेश रावत, नीरज गौर, दिलीप मालवीय, राम गोपाल राजपूत, कृष्णा शर्मा, दीपक पगारे, शिवानी गुप्ता और रजत परिहार आदि शामिल हैं.

# कर्म करो, परिणाम की चिंता छोड़ो : मुनिश्री

**भोपाल.** कर्म करो, लेकिन उस कर्म के प्रति कोई अपेक्षा मत रखो कर्म सिद्धांत हमें यही समझाता है उपरोक्त उद्‌गार मुनिश्री प्रमाणसागर महाराज ने विद्याप्रमाण गुरुकुलम् अवधपुरी में प्रात:कालीन धर्म सभा में व्यक्त किये. मुनि श्री ने कर्म की कसौटी की बात करते हुये कहा कि पूरी प्रकृति हमें यह पाठ पढ़ाती है कि कर्म करो परिणाम की चिंता मत करो, लेकिन हम लोग यह पाठ भूल जाते हैं. उन्होंने उदाहरण देते हुये कहा कि सूरज ऊगता है और सारे जगत में रोशनी फैलाता है, वह इस बात की चिंता नहीं करता कि कौन मेरा अभिनंदन कर रहा, कौन मेरा उपयोग कर रहा है तथा कौन मेरी उपेक्षा कर रहा है. वह अपने कर्तव्य का पालन करते हुये जगत को आलौकित करता है. नारायण श्री कृष्ण गीता में कहते हैं कि कर्मण्येवाधिकारस्ते मां फलेषु कदाचनम् कर्म पर ही तेरा अधिकार है, उसके फल पर नहीं.

# नाले में बहे छात्र का शव झाड़ियों में फंसा मिला

**बेगमगंज.** उमरखोह से ग्राम खिरिया लौट रहा एक छात्र बुधवार को साइकिल सहित नाले में बह गया, जिसका शव झाड़ियों में फंसा मिला. ग्राम खिरिया निवासी 13 वर्षीय पवन कुशवाहा पिता सीताराम कुशवाहा ग्राम उमरखोह की शासकीय माध्यमिक शाला में कक्षा 7 वीं का छात्र था. बुधवार को स्कूल से लौटते समय साइकिल सहित नाले में बह गया था.


**इचलकरंजी महानगरपालिका, इचलकरंजी**
ता. हातकणंगले जि. कोल्हापूर

**जाहिर ई-निविदा सूचना क्र. ९/२०२५-२०२६**

पाणी पुरवठा विभागाकडील माझी वसुंधरा ४.० अंतर्गत मियावॉकी/घनदाट जंगल विकसीत करणे तसेच सोलार पॅनेल बसविणे इत्यादी तदअनुषंगीक कामे करणेची जाहिर ई-निविदा क्रं. ९/२०२५-२६ www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. २१/०८/२०२५ रोजी स. ११.०० वाजले पासून प्रसिध्द करणेत येत आहे. सविस्तर जाहिरात www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

जा.क्रं. पा.पु.वशि.१५७८/२०२५ — **सही/-**
महानगरपालिका कार्यालय — **उपायुक्त**
दि. २०/०८/२०२५ — **इचलकरंजी महानगरपालिका**


# आज भोपाल शहर के 50 इलाकों में होगी बिजली कटौती

**भोपाल.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी गुरुवार को शहर के 50 इलाकों में मेंटनेंस करेगी, इस कारण इन इलाकों में कुछ घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी. गुरुवार सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक कोलार के हरिगंगा नगर, रॉयल विला, इंडस फेस-1, 2, 3, 4, लिली विला, सिवाय-7, ईदगाह, नीलकंठ कॉलोनी, गोयल धाम, सहारा परिसर, अरविंद विहार, रामेश्वरम, बाग सेवनिया, पुरानी बस्ती, हाउसिंग बोर्ड क्वार्टर, गायत्री विहार, ऋषिकेश विहार, पार्थ सारथी, सिल्वर स्टेट एवं आसपास के इलाके. सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक पीएंडटी कॉलोनी, 228 क्वार्टर, संजय कॉम्पलेक्स, सीआई होम्स, आदि इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.


**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**वीर सावरकर जोन क्र. 04 (मंगलवारा)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल, जोन क्र. 04 के वार्ड क्र. 17 में स्थित वर्गीकृत बाजार न्यू कबाड़खाना के भूखंड क्र. 233 का नामांतरण किए जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन किया जाना है, जिनके नामों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | जोन क्र. | वार्ड क्र. | आवंटी का नाम | स्थान एवं भूखंड | आकार | नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदक का नाम | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 4 | 17 | श्री मोहम्मद इब्राहिम आत्मज श्री मोहम्मद यासीन | भूखंड क्र. 233 वर्गीकृत बाजार | 20×58 =1160 वर्गफुट | श्री मोहम्मद अनवर आत्मज मोहम्मद इब्राहिम | हिबा (दान पत्र) सहमति पत्र एवं एवं बयान पत्र |

उपरोक्त भूखंड के नामांतरण पर किसी भी व्यक्ति/बैंक/ संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना पत्र के 15 दिवस के भीतर जोन कार्यालय क्र. 04 वार्ड क्र. 17 के कार्यालय में शपथ पत्र मय साक्ष्य के प्रस्तुत करें. नियत समयावधि में यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है और प्रकरण में विधिवत नामांतरण हेतु कार्यवाही कर दी जावेगी.

सू.क्र. 2097/025/026 — जोनल अधिकारी, जोन क्र. 04, नगर पालिक निगम, भोपाल


# विधायक मसूद पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

- फर्जी दस्तावेज लगाकर कॉलेज की मान्यता लेने का आरोप
- हाईकोर्ट के निर्देश पर हुई कार्रवाई



**भोपाल, 20 अगस्त. राजधानी भोपाल से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद की मुश्किलें बढ़ गई हैं. कोहेफिजा थाने में उनके खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है. आरोप है कि आरिफ मसूद ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अपने कॉलेज को मान्यता दिलवाई. यह कार्रवाई जबलपुर हाईकोर्ट के निर्देश पर हुई है.**

पिछले दिनों उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी थी. हालांकि, छात्रों के हित को देखते हुए कोर्ट ने कॉलेज को जारी रखने की अनुमति दी, लेकिन नए एडमिशन पर पूरी तरह रोक लगा दी. हाईकोर्ट ने इस मामले में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि बिना राजनीतिक संरक्षण के इतने सालों तक ऐसा कॉलेज नहीं चल सकता. मामले की गंभीरता को देखते हुए अब सभी की नजरें इस पर टिकी हैं कि आगे इस केस में क्या कार्रवाई होती है.

### यह है पूरा मामला

भोपाल से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद की अमन एजुकेशन द्वारा संचालित कॉलेज की पिछले दिनों मान्यता रद्द कर दी गई थी. उच्च शिक्षा विभाग ने इंदिरा प्रियदर्शिनी कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी थी. इसके पहले कॉलेज को अंतरिम मान्यता मिली थी, लेकिन कॉलेज की ओर से जरूरी कागजात और शर्तें पूरी नहीं करने पर विभाग ने मान्यता रद्द कर दी थी. कांग्रेस विधायक मसूद पर आरोप है कि उन्होंने संस्था के फर्जी दस्तावेज लगाकर कॉलेज की मान्यता ली थी जिसमें संबंधित अधिकारियों की भी नीली भगत के आरोप लगे थे.


**दानशुर व्यक्तींना मदतीचे आवाहन**

सिल्लोड व सोयगांव तालुक्यातील सर्व विद्यार्थी व विद्यार्थिनींच्या सेवार्थ इंदिरा शिक्षण प्रसारक मंडळ फर्दापुर ता. सोयगांव जि. छत्रपती संभाजीनगर (औरंगाबाद) तर्फे सेवार्थ शाळा इमारत बांधकाम, महाविद्यालय इमारत बांधकाम तसेच वस्तीगृह इमारत बांधकाम व इतर आनुषंगिक कामांच्या मदतीसाठी कंपन्या, खाजगी कंपन्या, संस्था आणि दानशुर व्यक्तींनी सढळ हाताने मदत करावी, ही नम्र विनंती.

**चेक, डीडी, NEFT, IMPS, UPI व RTGS द्वारे संस्थेच्या खालील बँक खात्यात देणगी स्विकारली जाईल.**

**बँक खात्याचे नांव** : इंदिरा शिक्षण प्रसारक मंडळ
**बँक खाते क्र.** : 39173093422
**बँकेचे नाव** : स्टेट बँक ऑफ इंडिया
**शाखा** : सिल्लोड ता. सिल्लोड
**IFSC कोड** : SBIN0020015
**संस्था 12A नोंदणी क्र.** : AABTI2645C24PN01
**संस्था 80G नोंदणी क्र.** : AABTI2645C24PN02

**CSR फंडसाठी**
**बँक खाते क्र. 44392844439**
**IFSC कोड :** SBIN0020015
**बँकेचे नाव व शाखा : स्टेट बँक ऑफ इंडिया, सिल्लोड**

**सौजन्य : सर्व सन्माननीय कार्यकारी मंडळ, इंदिरा शिक्षण प्रसारक मंडळ फर्दापुर ता. सोयगांव जि. छत्रपती संभाजीनगर (औरंगाबाद)**



**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LTD.**
(A Govt. of M.P. Undertaking)
Dy. General Manager (BI-Cell), Narmadapuram, E-mail : dgmbicell.hoshangabad@gmail.com
No.DGM/BI.CELL/VEH./551 — Narmadapuram, Dated : 20.08.2025

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invited offer for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations :-

| Name of Unit/Office | Particulars | EMD (Rs.) | Due Date of Sub-mission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| Dy. GM (BI.CELL) under O/o The General Manager (O&M) Circle Narmadapuram. | Type E, Air-conditioned Jeep Category SUV with min. engine capacity 1450 CC (for Petrol/ Diesel) with Airbags and ABS. | 3500/- | 29.08.2025 up to 3.00 P.M. | 29.08.2025 at 3.30 P.M. |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/121644/2025 — **DGM (BI-CELL)**


# दादाजी धाम में इको-फ्रेंडली प्रतिमा बनाने कार्यशाला कल

**भोपाल.** दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर में मप्र जन अभियान परिषद, राज्य शासन एवं नर्मदा समग्र संयुक्त अभियान एवं दादाजी धाम मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में 22 अगस्त दिन शुक्रवार को माटी के गणेश (ईको फ्रेंडली) प्रतिमा बनाने संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया है, जिसका समय दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक है. श्री दादाजी गुरुदेव चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा प्रतिमा बनाने के लिए निशुल्क सामग्री प्रदान की जाएगी. ट्रस्ट के सदस्यों का कहना है माटी गणेश बनाने का हमारा उद्देश्य है कि पर्यावरण को बचाना है.


**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Office of the Dy. General Manager (STC) Division City Circle, Bhopal
Email- ID : dgmstccitybhopal@gmail.com
NIT No. :- DGM/STM-STC/CC/Tender/2024-25/2382 — Bhopal, Date 19.08.2025

**NOTICE INVITING E-TENDER**

E-tenders are invited from eligible bidders for following works.

| Tender Notice Number | Particulars | Approx. Value (In Lakh) | Bid Download Start/End Date & Time | Online Bid Submission End Date & Time | Online Tender Opening Date & Time | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2382/01 Dt. 19.08.2025 | Provide New HT Connection M/s Bhopal City Link Ltd, City Bus Sant Hirdaram Nagar Behind Visarjan depot for CD- 3000 KVA under HTM CDN Bhopal. | 29.00 | 20.08.2025, 15:00 Hrs. up to 02.09.2025, 15:30 Hrs. | 02.09.2025 up to 15:30 Hrs. | 03.09.2025 at 15:30 Hrs. | 1,00,000 |
| 2382/02 Dt. 19.08.2025 | Installation of Additional 1x10 MVA PTR at 33/11 KVA Sobhagya Nagar S/s Under Industrial Gate zone of City Division East Bhopal. | 12.57 | 20.08.2025, 15:00 Hrs. up to 02.09.2025, 15:30 Hrs. | 02.09.2025 up to 15:30 Hrs. | 03.09.2025 at 15:30 Hrs. | 37,800 |
| 2382/03 Dt. 19.08.2025 | Augmentation of Power Transformer 5 MVA to 10 MVA with Two Additional bay for 11 KV feeder at Budakheda Under HTM Zone of City Division North Bhopal. | 6.96 | 20.08.2025, 15:00 Hrs. up to 02.09.2025, 15:30 Hrs. | 02.09.2025 up to 15:30 Hrs. | 03.09.2025 at 15:30 Hrs. | 20,900 |
| 2382/04 Dt. 19.08.2025 | Augmentation of PTR Capacity from 8 MVA at 33/11 KV Industrial S/s Under Industrial Gate Zone of City Division East Bhopal | 5.02 | 20.08.2025, 15:00 Hrs. up to 02.09.2025, 15:30 Hrs. | 02.09.2025 up to 15:30 Hrs. | 03.09.2025 at 15:30 Hrs. | 15,100 |

Other details, terms and conditions are available on company **website : https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/121638/2025 — **DGM (STM-STC)**



**म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड**
(म.प्र. शासन का उपक्रम)
कार्यालय उप महाप्रबंधक (एस.टी.सी.)/एस.टी.एम.) संभाग, पाटनदेव सागर रोड, रायसेन (म.प्र.)-464551
ई-मेल : raisenstc@gmail.com
क्र./उ.म.प्र./एस.टी.सी./सं./2025-26/809 — रायसेन, दिनांक : 20.08.2025

**NOTICE INVITING E-TENDERS**

E-tender is invited from eligible electrical contractors who are registered under relevant category through "ANUBANDH" portal of MPMKVVCL, for the following electrical work :-

| NIT No. & Date | Particulars | Approx. Value (In. Lakh) | Tender Doc. Fees (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 807/01 DT. 20.08.2025 | Providing 19 Nos. House Holds Connection in village Bineka under PM DA-JUGA PVT Scheme under Obaidullaganj D/c of (O&M) Division Obaidullaganj. | 0.78 | 118/- |
| 807/02 DT. 20.08.2025 | Providing 14 Nos. House Holds Connection in village Bamnai under PM DA-JUGA PVT Scheme under Obaidullaganj D/c of (O&M) Division Obaidullaganj. | 2.35 | 590/- |
| 807/03 DT. 20.08.2025 | Providing 10 Nos. House Holds Connection in village Tumda Kheda under PM DA-JUGA PVT Scheme under Mandideep (R) D/c of (O&M) Division Obaidullaganj. | 1.98 | 236/- |
| 807/04 DT. 20.08.2025 | Providing 63 Nos. House Holds Connection in village Kumdi Bithori under PM DA-JUGA PVT Scheme under Mandideep (R) D/c of (O&M) Division Obaidullaganj. | 8.62 | 1180/- |
| 807/05 DT. 20.08.2025 | Providing 40 Nos. House Holds Connection in village Jhiri Baheda under PM DA-JUGA PVT Scheme under Mandideep (R) D/c of (O&M) Division Obaidullaganj. | 10.20 | 2360/- |
| 807/06 DT. 20.08.2025 | Providing 20 Nos. House Holds Connection in village Barkheda Setu under PM DA-JUGA PVT Scheme under Mandideep (R) D/c of (O&M) Division Obaidullaganj. | 2.67 | 590/- |
| 807/07 DT. 20.08.2025 | Providing 11 Nos. House Holds Connection in village Tajpura under PM DA-JUGA PVT Scheme under Obaidullaganj D/c of (O&M) Division Obaidullaganj. | 1.86 | 236/- |
| 807/08 DT. 20.08.2025 | Providing 49 Nos. House Holds Connection in village Jhiri Jabara Malkhar under PM DA-JUGA Scheme under Obaidullaganj (R) D/c of (O&M) Division Obaidullaganj. | 7.36 | 1180/- |
| 807/09 DT. 20.08.2025 | Providing 16 Nos. House Holds Connection in village Harrai under PM DA-JUGA PVT Scheme under Obaidullaganj D/c of (O&M) Division Obaidullaganj. | 2.74 | 590/- |

**Date of Sale of Bid Documents : 20.08.2025, 18.00 Hrs. Up to 26.08.2025, 12.30 Hrs.**
**Bid Submission Last Date : 26.08.2025 Up to 12.30 Hrs.**
**Bid Opening Date : 27.08.2025 at 13.00 Hrs.**

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/121657/2025 — **DGM (STC-STM)**